महत्वपूर्ण एवं खास

ईवीएम स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीव्ही के फुटेज प्रत्याशी और एजेंट देख सकेंगे प्रोजेक्टर में

सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज के परिसर में लगा गया प्रोजेक्टर

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर जिले की सातों विधानसभा में बीते 20 नवंबर को हुए मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के ई-ब्लाक में बनाए गए स्ट्रॉंग रूम में प्रत्याशियों और प्रेक्षकों की उपस्थिति में डबल लॉक में सील कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम की कड़े सुरक्षा के बंदोबस्त के साथ ही हर पल की निगरानी के लिए दरवाजों और पूरे परिसर में सीसीटीव्ही कैमरे के माध्यम से भी कड़ी निगरानी की जा रही है। इन सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज प्रत्याशी और उनके एजेन्ट देख सके इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसवराजु एस. के निर्देशन पर कॉलेज परिसर के बी-ब्लाक में प्रोजेक्टर लगाया गया है। यहां प्रत्याशियों और उनके एजेंटों के बैठने की व्यवस्था भी की गई है। इसके साथ ही प्रत्याशी और उनके एजेंट रात्रि में भी स्ट्रांग रूम की निगरानी कर सके इसके लिए स्ट्रांग रूम के सामने परिसर में उनके लिए टेंट, पेयजल आदि की व्यवस्था भी की गई है।

खूंटाघाट से पानी लाने की योजना पर काम फिर शुरू

बिलासपुर (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव और खेतों में किसानों की फसल होने से अमृत मिशन योजना के तहत पाइप लाइन डालने का काम रोक दिया गया था। अब ठेकेदार को फिर काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य पाइप डालने के बाद उसे शहर के अंदर सड़कों की खोदाई करके पाइप बिछाने हैं। इस बार उनका पाइप महज पानी टंकी तक जाएगा, इसलिए गलियों को इस बार नहीं खोदा जाएगा।

जन्मदिन के दिन युवक की बनी जल समाधि

जगदलपुर (आरएनएस)। इसे संयोग कहा जाए या विधाता का खेल जिस युवक के परिजन आज बड़ी ही धूमधाम से जन्मदिन मनाने वाले थे उस युवक की अर्थी घर से निकालने पड़ी। इस युवक की मौत के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और पूर्णिमा त्यौहार पर एक तरफ से ग्रहण लग गया है।

हिंदुओं के सबसे प्रमुख त्योहारों में से कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार भी एक है । इस दिवस सुबह उठकर नदी तालाब नालों में जाकर स्नान ध्यान के बाद दीपदान का विशेष महत्व है इसमें ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा सपरिवार नदी स्नान करने पहुंचते हैं। इसी तारतम्य में आसना ग्राम पंचायत के नयापारा निवासी विनोद पानीग्राही के पुत्र लव कुमार पानीग्राही भी अपने संगी साथियों के साथ स्नान करने गए थे किंतु इंद्रावती नदी में लव कुमार की जल समाधि बन गई।

डोजर में दबने से इंजीनियर की मौत

कोरबा (आरएनएस)। कुसमुंडा खदान के डोजर सेक्शन में सबऑर्डिनेट इंजीनियर की डोजर में दबने से रात 9.45 बजे मौत हो गई। घटना किस तरह हुई, इसका खुलासा नहीं हो सका। कर्मियों ने इंजीनियर को दबा हुआ देखा और किसी तरह उसे बाहर निकालकर चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

शुक्रवार की द्वितीय पाली खत्म होने केवक्त हुई। एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना के डोजर सेक्शन में सबऑर्डिनेट इंजीनियर के पद पर एनपी देवांगन 55 कार्यरत हैं। बताया जा रहा है कि डोजर सेक्शन के कर्मियों ने रात नौ बजे तक देवांगन को सेक्शन में देखा। इसके बाद दिखाई नहीं दिए। चूंकि रात 10 बजे द्वितीय पाली खत्म होती है और नाइट शिफ्ट शुरू होती है, इसलिए द्वितीय पाली के कर्मी अपने वाहन बंद कर खदान से निकलने लगते हैं और नाइट शिफ्ट के कर्मी ड्यूटी जाते हैं। चूंकि सभी कर्मी अपने घर जा रहे थे, इसलिए किसी को देवांगन के बारे में जानकारी भी नहीं हुई। रात 10 बजे नाइट शिफ्ट के कर्मी जब सेक्शन में पहुंचे, तब उन्हें एक डोजर के नीचे देवांगन को दबा हुआ देखा। आनन-फानन में वाहन हटा कर उसे विभागीय चिकित्सालय ले गए, पर चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।

टिकरापारा क्षेत्र से नाबालिग लड़का-लड़की लापता

परिजनों ने बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाने की जताया आशंका

पुलिस ने दोनों मामले में गुम इंसान का मामला दर्ज किया

रायपुर (आरएनएस)। शहर के टिकरापारा क्षेत्र के अलग-अलग दो मोहल्लों से नाबालिग लड़का और नाबालिग लड़की के लापता होने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज कराई गई है। इस मामले में परिजनों ने बहला फुसलाकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर ले जाने की आशंका जतायी है, हालांकि पुलिस ने फिलहाल गुम इंसान का मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लापता हुआ लड़का ईश्वर नगर नहरपार टिकरापारा का रहने वाला है, वहीं लापता हुई लड़की बृजनगर टिकरापारा की रहने वाली है। बताया जा रहा है कि लड़का 23 नवंबर को दोपहर 12.30 बजे से लापता है, वहीं लड़की 20 नवंबर के सुबह 10 बजे से लापता है। दोनों घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुम इंसान का मामला दर्ज किया है।

नई सरकार के गठन का कर्मचारी संघ कर रहे इंतजार

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव के उपरांत राज्य के अधिकांश कर्मचारी संगठनों की नजर 11 दिसंबर पर अटकी हुई है। 11 दिसंबर को आए चुनाव परिणाम जहां नई सरकार का गठन करेंगे। वहीं घोषणा पत्र के अनुरूप कर्मचारी संगठन वेतन विसंगति क्रमोन्नति वेतनमान, पदोन्नति वेतनमान, पेंशन, सांतवा वेतनमान सहित अनेक मांगों को पूरा करने के लिए नई सरकार पर दबाव डालेंगे। पिछले पांच वर्षों में अनेकोंबार धरनास्थल बूढ़ापारा एवं ईदगाह भाठा मैदान में पहुंचकर विपक्ष के नेताओं ने सत्ता में आने के बाद अधिकांश मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया था।

अधिक आय की उम्मीद : धान बेचने से बच रहे हैं किसान

रायपुर (आरएनएस)। 01 नवंबर से राज्य सरकार के द्वारा शुरू की गई धान खरीदी की रफ्तार इस बार काफी धीमी दिखाई दे रही है। किसान अपना धान बेचने से बच रहे हैं, इस पर राज्य शासन खामोश है। दूसरी ओर मौके का फायदा उठाते हुए कांग्रेस ने किसानों से धान बेचने की अपील की है।

प्रदेश कांग्रेस प्रमुख भूपेश बघेल का ताजा ट्वीट इसी मुद्दे पर है। पीसीसी प्रमुख ने अपने ट्वीट में लखा है कि छत्तीसगढ़ के सभी किसान बिना किसी डर के अपना धान बेचें और दूसरी फसल की तैयारी में जुट जाएं। कांग्रेस पार्टी अपने वायदे के अनुसार सरकार बनते ही दस दिनों के अंदर किसानों का कर्जा माफ करेगी। दूसरी ओर किसान वर्ग किसी अज्ञात भय के चलते इस बार धान बेचने से बच रहे हैं। आलम यह है कि अधिकांश स्थानों पर धान खरीदी की रफ्तार काफी धीमी हो गई है। लेकिन धान खरीदी की धीमी रफ्तार पर राज्य शासन की ओर से भी कोई बयान नहीं आया है। राजनीति के जानकारों की माने तो इस समय आम जनता के साथ ही कृषक वर्ग भी चुनाव परिणाम को लेकर कयास लगा रहे हैं। कृषक वर्ग यह मानकर चल रहे हैं कि यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो उन्हें धान का समर्थन मूल्य और अधिक बोनस मिलेगा। दूसरी ओर एक वर्ग यह भी है जो चुनाव परिणाम के बाद अंतिम समय में अपना धान बेच देंगे। बहरहाल यह कहना गलत भी नहीं है कि कृषक वर्ग इस समय असमंजस की स्थिति में है कि वो धान बेचे या अधिक कीमत मिलने की उम्मीद करते हुए धान रोके रखें।

स्कार्पियो पलटी, 1 की मौत 4 घायल

नारायणपुर (आरएनएस)। पखांजुर से रिसेप्शन पार्टी से मुख्यालय लौट रही स्कार्पियों वाहन गुरीया के पास दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में 1 की मौत हो गई। वहीं 4 लोग घायल हो गए। इनमें 2 गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया है। नगर के बस स्टैण्ड पास निवासरत विपुल सरकार के पुत्री का विवाह समारोह 19 नवम्बर को सम्पन्न हुआ था। इस विवाह समारोह के बाद विपुल सरकार के परिजन सहित रिश्तेदार 22 नवम्बर को निजी वाहनों में रिसेप्शन पार्टी में शामिल होने के लिए पखांजुर गए हुए थे। जहां पर रिसेप्शन पार्टी में शामिल होने के बाद रिश्तेदार अपने वाहनों में मुख्यालय लौट रहे थे। इसी दौरान 23 नवम्बर की सुबह करीब 4:30 बजे स्कार्पियों वाहन क्रमांक सीजी 05 एडी 8923 गुरीया के पास चालक को झपकी लगने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतरकर पेड़ से टकरा गई।

साढ़े 13 हजार बनाकर रद कर दिए 15 हजार बीपीएल कार्ड

बिलासपुर (आरएनएस)। बीपीएल राशन कार्ड बनाने के खेल ने प्रदेश में बिलासपुर जिला की कुछ ऐसी तस्वीर पेश कर दी है जिसे अच्छा नहीं कहा जा सकता है। बिलासपुर प्रदेश का ऐसा पहला जिला बन गया है जहां बीपीएल राशन कार्डों की भरमार है। यहां चार लाख 81 हजार 212 बीपीएल राशन कार्डधारी है। प्रदेश के अन्य जिलों से सर्वाधिक ज्यादा आंकड़ा है। विधानसभा चुनाव के छह महीने पहले फिर एक फर्जीवाड़ा हुआ । आनन-फानन पहले साढ़े 13 हजार राशन कार्ड फिर जारी किया गया । फिर क्या हुआ कि 15 हजार कार्ड को एकसाथ रद कर दिया । मतलब नए बनाए साढ़े 13 हजार के अलावा डेढ़ हजार पुराने कार्ड से खाद्यान की आपूर्ति बंद कर दी गई । राज्य शासन ने गरीबों को दो वक्त का भोजन मुहैया कराने के लिए वर्ष 2012 में खाद्य सुरक्षा कानून बनाई थी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ देश का पहला प्रदेश बना जहां गरीबों को भोजन व्यवस्था के लिए कानून बनाया गया । इसके ठीक एक वर्ष बाद वर्ष 2013 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित था। चुनाव के ठीक पहले प्रदेशभर में खाद्य विभाग के निर्देश पर अंधाधुंध राशन कार्ड बनाए गए । 16 लाख लोगों को कार्ड थमा दिया गया।

हर महीने इनको खाद्यान भी मिलने लगा। वर्ष 2014 में लोकसभा का चुनाव हुआ। केंद्र की सत्ता पर भाजपा के काबिज होने के बाद राज्य शासन के निर्देश पर राशन कार्डों की डोर-टू-डोर जांच पड़ताल शुरू हुई।

चुनावी जीत- हार को लेकर जांजगीर-चांपा में गरम हुआ सट्टे का बाजार

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव में कौन हारेगा और कौन जीतेगा, यह तो 11 दिसम्बर को मतगणना के बाद सामने आएगा, लेकिन0 इसे लेकर अभी सियासी सट्टे का बाजार गरमाया हुआ है। मतदान के बाद से सट्टे के खाईवाल सक्रिय हैं और रोजाना लाखों के दांव लगाए जा रहे हैं। जिले के बाजारों और चौक-चौराहों पर दोनों प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के अलावा गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत-हार पर दांव लग रहे हैं। बताया जा रहा है कि सटोरिए सबसे अधिक सत्तापक्ष के प्रत्याशियों की जीत को लेकर आश्वस्त हैं। इन्हीं पर ज्यादा दांव लगा रहे हैं, हालांकि, विपक्ष के कुछ युवा प्रत्याशियों पर भी लाखों रुपए की बाजी लग रही ।

ट्रैक मैंटेनेंस : आज व कल प्रभावित रहेंगी ट्रेनें

बिलासपुर (आरएनएस)। रेलवे के तीन सेक्शन में पटरियों की मरम्मत के कारण ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इन ट्रेनों की सूची जारी की गई है ताकि यात्रियों को परेशानी न हो। इसके चलते शनिवार व रविवार को कुछ ट्रेनों को रद किया गया है। वहीं कई ट्रेनों को नियंत्रित कर चलाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान बिलासपुर-कटनी व अनूपपुर-अंबिकापुर सेक्शन 24 नवंबर को रखरखाव का कार्य किया जाएगा।

नए वर्ष सेलिब्रेशन को लेकर रेलवे में यात्रियों की मची मारा-मारी

जगदलपुर (आरएनएस)। नए साल का समय करीब आता जा रहा है। यहां रेलवे स्टेशन में टिकटों की बिक्री बढ़ती जा रही है। दिसंबर-जनवरी में यात्रा के लिए ट्रेन में अभी से बर्थ रिजर्वेशन कराने लगे हैं। रोजाना रेलवे स्टेशन स्थित कम्प्यूटरीकृत रेल टिकट आरक्षण केंद्र में सुबह से ही टिकट लेने वालों की भीड़ एकत्र हो रही है। शादी-व्याह का सीजन शुरू होने को भी रेल टिकटों की बिक्री का कारण माना जा रहा है।

पुलिस पेट्रोल पंप से जवान की दुपहिया पार

जगदलपुर (आरएनएस)। दिन दहाड़े सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित पुलिस पेट्रोल पंप से एक पुलिस जवान की दुपहिया वाहन पार हो गई। देर शाम तक न तो वाहन मिली थी और न ही उसकी रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सूत्रों का कहना है कि पुलिस पंप से वाहन पार होने की इस घटना से विभाग को किरकिरी से बचाने रिपोर्ट नहीं लिखी गई है।

बीजेपी सरकार के खिलाफ बगावत पर उतरे साधु संत

भोपाल। बीजेपी सरकार के खिलाफ बगावत पर उतरे साधु संत, साधु संतों ने दिया कांग्रेस को समर्थन, कम्प्यूटर बाबा ने कहा धर्म विरोधी पार्टी है बीजेपी, शिवराज सरकार के राज में ठगा महसूस कर रहे संत।

दिल के लिए वेटलिफ्टिंग टहलने व साइकिल चलाने से बेहतर

यह आम धारणा है कि दिल को दुरुस्त रखने के लिए शारीरिक सक्रियता जरूरी है, लेकिन हाल ही में एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि दिल को बीमारियों से दूर रखने के लिए वेटलिफ्टिंग (वजन उठाना) से टहलने और साइकिल चलाने के मुकाबले ज्यादा फायदा होता है।

अध्ययन में सामने आया कि दोनों तरह की गतिविधियों मसलन वेटलिफ्टिंग के साथ ही टहलने और साइकिल चलाने जैसी गतिविधियां करते रहने से हृदयसंबंधी बीमारियों का खतरा 30 से 70 फीसदी कम हो जाता है।

ग्रेनाडा में सैंट जॉर्ज यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट

प्रोफेसर माइया पी. स्मिथ ने कहा, ''दोनों तरह की गतिविधियां जैसे शक्ति प्रशिक्षण और एरोबिक गतिविधियां हृदय को स्वास्थ्य लाभ देती नजर आई, चाहें कम मात्रा में ही क्यों ना किया हो।''

उन्होंने कहा, ''स्थिर व्यायाम हालांकि गतिशील व्यायाम से ज्यादा फायदेमंद नजर आया।''

शोधकर्ताओं ने कहा कि चिकित्सकों को मरीजों विशेषकर बुजुर्गों को विभिन्न प्रकार के व्यायाम करने की सलाह दी क्योंकि दोनों प्रकार के व्यायाम करने वाले मरीजों ने सिर्फ एक प्रकार का व्यायाम करने वाले मरीजों की अपेक्षा ज्यादा सुधार किया।

स्मिथ ने कहा, ''महत्वपूर्ण बात ये है कि वे शारीरिक गतिविधि में संलिप्त हैं।''

शोध के परिणाम पेरू में हुए एसीसी लैटिन अमेरिका कॉन्फ्रेंस 2018 में पेश किए गए। इसके लिए शोधकर्ताओं ने शोध में 21 से 44 या 45 तक की आयु के 4,086 वयस्कों को शामिल किया।

फ्रॉड सइयां में कॉमेडी जबरन नहीं डाली गई : अरशद वारसी

अभिनेता अरशद वारसी ने कहा कि उनकी फिल्म फ्रॉड सइयां में हास्य-विनोद को जबरन नहीं डाला गया है। अरशद ने अपनी अगली फिल्म फ्रॉड सइयां के सेट पर मीडिया से बात की। इस दौरान उनके साथ एली अवराम भी मौजूद थीं।

फ्रॉड सइयां के बारे में पूछे जाने पर अभिनेता ने कहा, यह बहुत दिलचस्प फिल्म है। हास्य-विनोद इसमें जबरन नहीं डाला गया है। ये वास्तव में स्क्रीन पर सहजता से नजर आएगा। फिल्म में जो किरदार निभा रहा हूं, वह वाकई दिलचस्प है और यह उन पात्रों में से एक है जो हर अभिनेता निभाना चाहेगा।

फ्रॉड सइयां फिल्म में चाइना गेट के प्रसिद्ध गीत छम्मा छम्मा को भी शामिल किया गया है जिसे उर्मिला मातोंडकर पर फिल्माया गया था। इस बारे में अरशद ने कहा, मुझे काफी खुशी है कि इस फिल्म में वह गाना है जिसे लोग पहले से पसंद करते रहे हैं। फिल्म और इसके गीत की रिलीज के बारे में अरशद ने कहा, हम गाना दिसंबर के पहले सप्ताह में रिलीज करेंगे और इस अवधि में हम ट्रेलर को भी लॉन्च करेंगे।

शाहरुख के साथ दोबारा फिल्म करने पर क्या बोलीं आलिया

इस समय बॉलिवुड की सबसे टैलंटेड ऐक्ट्रेस में से एक मानी जाने वाली आलिया भट्ट ने साल 2012 में स्टूडेंट ऑफ द इयर से फिल्मों में डेब्यू किया था। इसके बाद से उन्होंने एक से एक बेहतरीन किरदारों से खुद को फिल्म इंडस्ट्री में एक अच्छे ऐक्टर के तौर पर साबित कर दिया है। आज आलिया को बॉलिवुड की टॉप ऐक्ट्रेस में गिना जाता है।

हाल में आलिया ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए फैन्स से बात की। इस मौके पर एक फैन ने आलिया से पूछा कि वह शाहरुख खान के साथ दोबारा कब स्क्रीन शेयर करने जा रही हैं। इसके जवाब में आलिया ने कहा, मुझे ऐसी उम्मीद है कि मुझे शाहरुख के साथ फिल्म करने का दोबारा मौका मिलेगा। आप खुद ही शाहरुख से ऐसा कहिए न।

भारत के सेट्स पर रेट्रो लुक में दिखीं कटरीना कैफ

सलमान खान और कटरीना कैफ की आने वाली फिल्म भारत लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म की शूटिंग तेजी से चल रही है। हाल में सलमान और कटरीना समेत फिल्म की यूनिट पंजाब में शूटिंग कर रही थी। शूटिंग की तस्वीरें भी सामने आई थीं।

पता चला है कि सलमान शूटिंग पूरी करके मुंबई वापस आ गए हैं क्योंकि शूटिंग के समय उन्हें कुछ चोट लग गई थी। अब फिल्म के प्रड्यूसर अतुल अग्निहोत्री ने फिल्म का एक विडियो शेयर किया है। यह विडियो लुधियाना में शूटिंग के दौरान का है जिसमें

कटरीना कैफ फिल्म के सेट्स पर रेट्रो लुक में दिख रही हैं। विडियो में कटरीना प्रिंटेड कॉटन साड़ी और रेट्रो पैटर्न के ब्लाउज में दिखाई दे रही हैं। उनकी हेयरस्टाइल और हाथ की छतरी भी उनके इस रेट्रो लुक में चार चांद लगा देती है।